## झिरी में निमार्णाधीन कचरा संधारण प्लांट का सांसद ने किया निरीक्षण

# कचरे से बनेगा ईंधन और खाद, बन रहा सीएनजी स्टेशन

2 वर्ष पूर्व केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने यहां 150 टन कचरा संधारण के प्लांट की स्वीकृति दी थी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विकास तीर्थ कार्यक्रम के तहत सांसद संजय सेठ ने झिरी में गेल इंडिया द्वारा बनाये जा रहे कचरा संधारण प्लांट का अवलोकन किया। इस दौरान सांसद के साथ गेल इंडिया के निदेशक संजय कश्यप और सिटीजन फाउंडेशन के सचिव गणेश रेड्डी, राजीव कमल बिट्टू भी मौजूद थे। झिरी में गेल की ओर से 300 टन के कचरा संधारण का प्लांट निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सांसद ने वहां पर प्लांट निर्माण से संबंधित जानकारियां प्राप्त की। जनता को होने वाले लाभ की भी जानकारी ली। सांसद ने अधिकारियों से कार्यस्थल का नक्शा देखा और उन्हें इस कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया। इस दौरान सांसद संजय सेठ ने उक्त निर्माण कार्य स्थल पर वृक्षारोपण भी किया।

सांसद ने कहा कि 2 वर्ष पूर्व मेरे आग्रह पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने यहां 150 टन कचरा संधारण के प्लांट की स्वीकृति दी थी। रांची की बढ़ती आबादी और कचरे की स्थिति को देखते हुये मैंने इसे 300 टन का प्लांट बनाने का आग्रह किया था। इस आलोक में उन्होंने इसकी भी त्वरित स्वीकृति दी।

सांसद ने बताया कि प्रथम चरण में दिसंबर तक 150 टन कचरे का संधारण कार्य शुरू हो जायेगा। मई 2024 तक 150 टन का दूसरा प्लांट भी चालू हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां कचरे से खाद और ईंधन, सीएनजी भी बनाया जायेगा। इसके लिये भी सेंटर स्थापित करने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इससे यहां पर कचरा प्रबंधन का बेहतर कार्य हो सकेगा। रांची को एक बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी और उसका सदुपयोग भी दिखेगा।

### दिसंबर में शुरू होगा पहला प्लांट, मई में दूसरा




# संत जेवियर्स कॉलेज क्षेत्रवार सर्वे में पूर्वी भारत में अव्वल

## इंडिया टुडे सर्वे में वाणिज्य व कला संकाय में दूसरे नंबर पर

बीबीए में देशभर में 31 वां संस्थान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** इंडिया टुडे के एनुअल सर्वे 2023 में पढ़ाई के मामले में संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने पूर्वी भारत में सर्वश्रेष्ठ कॉलेज के रूप में अपनी जगह बनायी है। कला संकाय के क्षेत्र में देश भर के 173 कॉलेजों के सर्वे में 32वां स्थान हासिल किया है। वहीं विज्ञान संकाय में 198 कॉलेजों में 75वां स्थान, वाणिज्य संकाय के सर्वे में 225 कॉलेजों में 35वां स्थान तथा बीबीए 201 कॉलेजों के सर्वे में 31वां स्थान प्राप्त किया है। क्षेत्रवार सर्वे रिपोर्ट 2023 के अनुसार पूर्वी भारत में संत जेवियर्स कॉलेज रांची ने वाणिज्य व आट्र्स में दूसरे स्थान पर अपना परचम लहराया है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक भारत में तेजी से उभरते कॉलेज में संत जेवियर्स ने अपना स्थान बरकरार रखा है। यह जानकारी कॉलेज के प्राचार्य फादर नबोर लकड़ा एसजे एवं उप प्राचार्य फादर प्रदीप कुजूर एसजे ने दी।

## निःसंतान दंपतियों की गोद भरने की खुशी से बड़ा कुछ भी नहीं : अन्नपूर्णा देवी




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मिराई फर्टिलिटी एवं आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन बुधवार को शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। यह राज्य का पहला क्लीनिक है, जहां एडवांस पद्धति से निःसंतान दंपतियों का इलाज किया जाता है। बरियातू में डॉ सर्बजया सिंह द्वारा क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है। मौके पर अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि निःसंतान दंपतियों की गोद भर जाने पर जो खुशी होती होगी, वह अनुभव कोई दूसरा इंसान नहीं कर सकता है।

**निःसंतान दंपतियों को अब रांची में मिलेगा बेहतर इलाज**

मिराई फर्टिलिटी एवं आईवीएफ सेंटर स्टेट ऑफ द आर्ट टेक्नोलॉजी, सिस्टम इनक्यूबेटर्स और स्वयं डॉ सर्बजाया सिंह का रीप्रोडक्टिव मेडिसिन में एक दशक से अधिक का अनुभव है। कार्यक्रम में डॉ शोभा चक्रवर्ती, आरआरडीए के पूर्व अध्यक्ष परमा सिंह, राकेश प्रसाद, एसएन चौबे, पंडित रमाशंकर मिश्रा, अशोक सिंह, प्रो सुधीर मिश्रा, नवल किशोर सिंह व अन्य मौजूद थे।

## जिप सदस्यों ने उपायुक्त से लगायी गुहार, कहा-

# बिचौलियों का दफ्तर में प्रवेश हर हाल में रोकें

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** जिला परिषद के सदस्यों ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर जीप कार्यालय में बिचौलियों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। इससे संबंधित आवेदन अपर समाहर्त्ता राजेश कुमार बरवार को सौंपते हुए जिला परिषद के सदस्यों ने उन्हें समुचित मान सम्मान देने और सुविधाएं मुहैया कराने का भी अनुरोध किया है। आवेदन में जिला परिषद सदस्यों ने कहा है कि हम सभी सदस्य रांची जिला के ग्रामीण क्षेत्र से निर्वाचित हो कर आये हैं और मुख्यालय अपने क्षेत्र से लगभग 50-60 किमी की दूरी पर है। ऐसे में जब किसी कार्य के लिए मुख्यालय जाते हैं तो बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिससे हमें काफी कठिनाई होती है। पिछले दिनों उपविकास आयुक्त द्वारा जिला परिषद कार्यालय का भ्रमण किया गया था और ऊपरी तल पर बैठने के लिए पूरी तरह से व्यवस्थित करने का आदेश कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया था, लेकिन आज तक इस दिशा में कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।

जिप सदस्यों ने कहा कि जिला अभियंता द्वारा एक बिचौलिये को रखा गया है, जिसका नाम श्रीकांत पांडेय है। उसका काम सीएस का पैसा उगाही करना और टेंडर मैनेज करना है। नियम कानून को ताक पर रख कर वह जिसे चाहता है, उसे टेंडर दिलवाता है। यहां के सहायक अभियंता बली उरांव सारा टेंडर पेपर अपने घर ले कर जाते हैं, फिर श्रीकांत पांडेय, बिचौलिया (दलाल) के साथ बैठ कर संविदा का निष्पादन करते हैं। कोई जिला परिषद सदस्य नियम कानून से कार्य का निष्पादन करने का आग्रह जिला अभियंता से करता है, तो श्रीकांत पांडेय जिला परिषद सदस्य से अभद्र व्यवहार करता है। यही नहीं, मारने पीटने की धमकी देते हुए कहता है देहाती हो शहर में आकर अपनी औकात में रहा करो हम जो जिला परिषद कार्यालय में चाहेंगे वही होगा।

जिला परिषद सदस्यों ने इस संबंध में उपायुक्त को आवेदन देकर परिषद कार्यालय में बिचौलिया श्रीकांत पांडेय के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। आवेदन पर हस्ताक्षर करने वाले में किरण देवी, आदिल अजीम, हिंदिया टोप्पो, मंजू सिंह, रीना देवी, पूनम देवी, परमेश्वर भगत, आशुतोष तिवारी, संजय कुमार, विपिन टोप्पो, सुषमा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, उपाध्यक्ष बीणा चौधरी शामिल हैं। वहीं, उपायुक्त को आवेदन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में हिना परवीन, विनोदिता तिग्गा, इतवारी कुजूर, सरिता देवी, परमेश्वरी सैंडिल, रामोतार केरकेटा सहित अन्य शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### विद्यार्थीयों के समस्याओं का समाधान जल्द हो : आजसू

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को प्रेम कुमार के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो तपन शांडिल्य से मिलकर ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन विभाग का क्लास रूम नहीं की उचित व्यवस्था करने, विश्वविद्यालय में नामांकन के दौरान हेल्प डेस्क लगाने, विश्वविद्यालय परिसर में साइकिल स्टैंड सेड का निर्माण करने का आग्रह किया गया है। मौके पर कुलपति ने आजसू के सदस्यों को आश्वस्त किया कि सभी मांगों को जल्द पूरी के दी जायेगी। मौके पर प्रेम कुमार, जगत मुरारी, कैलाश महतो, मुकेश के अलावा आदि छात्र उपस्थित थे।

### आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया ऑफ झारखंड के अध्यक्ष बने डॉ अनंत सिन्हा

**रांची।** आईएमए हॉस्पिटल बोर्ड ऑफ इंडिया ऑफ झारखंड में राज्य के पांच चिकित्सकों को जगह दी गयी है। इनमें डॉ अनंत सिन्हा को अध्यक्ष, डॉ अमित मोहन को उपाध्यक्ष, डॉ शंभू प्रसाद सिंह को सचिव, डॉ राजेश को कोषाध्यक्ष और डॉ लाल मांझी को संयुक्त सचिव बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कार्यकाल 1 वर्ष के लिए होगा। पदाधिकारियों को आईएमए झारखंड के अध्यक्ष डॉ अरुण सिंह और सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने शुभकामनाएं दी है।

### सीयूजे में एडमिशन के लिए 1 जुलाई से ऑनलाइन काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में इंटीग्रेटेड (यूजी-पीजी) प्रोग्राम में नामांकन के लिए ऑनलाइन कॉउंसलिंग रजिस्ट्रेशन होगा। इसकी प्रक्रिया 1 जुलाई 2023 से शुरू होगी। सीयूसीईटी यूजी 2023 के रिजल्ट जारी होने के बाद पांच दिनों तक यह चलेगा। वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने एनटीए में फॉर्म भरते समय झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के विकल्प का चयन किया था और संबंधित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, वो ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन के जरिए नामांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन शुल्क तथा प्रोग्राम चयन का विकल्प एनटीए द्वारा परीक्षाफल प्रकाशन के बाद उपलब्ध होगा। जानकारी के लिए वेबसाइट की मदद ली जा सकती है।

### परीक्षा नियंत्रक से मिला छात्र संघ, सौंपा ज्ञापन




**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) रांची में झारखंड छात्र दल के प्रभारी ऋषभ कुमार के नेतृत्व में बीबीए सेमेस्टर 3 की परीक्षा अविलंब आयोजित कराने के लिए विश्विद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष गुप्ता को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि बीबीए विभाग में इंटर्नशिप में भाग लेने की वजह से बीबीए विभाग के छात्र छात्राओं की परीक्षा समय पर नहीं ली जा रही है। परीक्षा नियंत्रक ने छात्रों की बातें को संज्ञान में लेते हुए परीक्षा नियंत्रक ने जुलाई माह के बीच में परीक्षा आयोजिय किए जाने की बात कही। इसकी सूचना डीएसपीएमयू के वेबसाइट पर दे दी जाएगी। मौके पर जेसीडी अध्यक्ष बबलू कुमार महतो, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार, दीप रजक, अमृत मुंडा, रवि रोशन, रोशन सेठ, किशन, विवेक, कमलेश महतो मौजूद थे।

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शयनी एकादशी अनुष्ठान आज

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में हरि शयनी एकादशी का व्रत पूरे विधि विधान के साथ गुरूवार को मनाया जायेगा। आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी का नाम शयनी है। शयनी एकादशी के दिन जिन्होंने कमल पुष्प से कमल लोचन भगवान विष्णु का पूजन तथा एकादशी का उत्तम व्रत किया है, उन्होंने तीनों लोकों और तीनों सनातन देवताओं का पूजन कर लिया । हरि शयनी एकादशी के दिन भगवान का एक स्वरूप राजा बलि के यहां रहता है और दूसरा क्षीर सागर में शेषनाग की शैय्या पर तब तक शयन करता है। जबतक आगामी कार्तिक की एकादशी नहीं आ जाती। अतः आशाढ़ शुक्ला एकादशी से लेकर कार्तिक शुक्ला एकादशी तक मनुष्य को भलीभांति धर्म का आचरण करना चाहिये । जो मनुष्य इस व्रत का अनुष्ठान करता है, वह परम गति को प्राप्त होता है। एकादशी का व्रत यत्न पूर्वक करना चाहिए। आषाढ़ शुक्ल की एकादशी से कार्तिक शुक्ला की एकादशी तक चातुर्मास व्रत के दौरान शंख चक्र और गदा धारण करने वाले भगवान विष्णु की भक्ति पूर्वक पूजा. अर्चना करनी चाहिए। यह जानकारी रंजन सिंह ने दी है।

### 30 साल से लाचार युवक का पारस अस्पताल में सफल ईलाज



**रांची।** पारस अस्पताल राँची में एक 32 वर्षीय युवक का सफल इलाज किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक युवक क्रेनियो सर्वाइकल डिस्टोनिया नामक बीमारी से ग्रसित था। यह बीमारी जल्दी पकड़ में नहीं आती है, जिसके कारण युवक पिछले 30 वर्षों से इलाज के अभाव में कष्टमय जीवन जीने को मजबूर था। युवक जब 2 वर्ष का था तभी से वह इस बीमारी का शिकार हो गया था। वह न तो बोल पता था, न लिख पाता था और उसकी गर्दन टेढ़ी रहती थी। युवक के माता-पिता भी अपने बच्चे की समस्या लकवा कर काफी दिन तक इलाज करवाते रहे। युवक के पिता ने पारस अस्पताल के चिकित्सक डॉ संजीव शर्मा से मुलाकात कर अपने बच्चे की समस्या बतायी। पारस अस्पताल में जाँच करने पर पाया गया की युवक को क्रेनियो सर्वाइकल डिस्टोनिया नामक बीमारी है। इसके बारे में जानकर युवक के पिता ने अस्पताल को बताया कि अभी तक उन्होंने इसकी जाँच ही नहीं करवाई थी। बीमारी का पता चलने के बाद पारस अस्पताल राँची के डॉ संजीव शर्मा ने युवक का इलाज शुरू किया। इस बीमारी के इलाज में बोटॉक्स इंजेक्शन देकर युवक को ठीक किया गया।


### रश्मिरथी मंदिर में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

**रांची।** कांके रोड चांदनी चौक स्थित रश्मिरथी परिसर में नवनिर्मित मंदिर का तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया। परिसर के की महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ समस्त अनुष्ठान में भाग लिया। लगभग 750 वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित 33 फीट ऊंचे इस मन्दिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग, संगमरमर के भगवान विष्णु, माता पार्वती, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी है।

# 29 को देशभर में ईद उल अजहा का पर्व

28 जून को दुनिया के कई हिस्सों में बकरीद मनाई जा रही

**समीर**



**रांची।** देशभर में आज 29 जून को ईद उल-अजहा यानि बकरीद पूरे उल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस्लामिक कैलेंडर अनुसार बकरीद या ईद उल अजहा का त्योहार धुल्ल हिज्जह महीने के 10वें दिन मनाया जाता है। बकरीद पर बकरे, ऊंट, दुंबा की कुबार्नी दी जाती है।

इब्राहिम अलैहिस्सलाम ख्वाब में अल्लाह का हुक्म हुआ कि वे अपने प्यारे बेटे इस्माईल अलैहिस्सलाम (जो बाद में पैगंबर हुए) को अल्लाह की राह में कुर्बान कर दें। यह इब्राहिम अलैहिस्सलाम के लिए एक इम्तिहान था, जिसमें एक तरफ अपने बेटे से मुहब्बत और एक तरफ अल्लाह का हुक्म था। इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने सिर्फ और सिर्फ अल्लाह के हुक्म को पूरा किया और अल्लाह को राजी करने की नीयत से अपने लख्ते जिगर इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुबार्नी देने को तैयार हो गए। अल्लाह के आदेश बाद अपने बेटे के कुबार्नी देने के लिए मक्का के पास मीना पर्वत पर चले गए। यह जानने पर कि यह ईश्वर की इच्छा थी। पैगंबर इस्माइल अलैहिस्सलाम ने अपने पिता से कहा- अब्बा आप अपनी आखों में पट्टी बांध लें, ताकि आपको मेरी कुबार्नी देने में कोई परेशानी न हो। फिर इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने बेटे के बात को मानते हुए अपने आंखों पर पट्टी बांध ली, फिर बेटे के गर्दन पर छुरी चला दी। इसके बाद जब इब्राहिम अलैहिस्सलाम आंख से पट्टी हटाए तो देखा की बेटे की जगह दुंबा का जबह हुआ है। यह देखकर वह हैरान रह गए। इस्माइल उसके बगल में खड़ा था, पूरी तरह से सुरक्षित था। तब उन्हें पता चला कि यह उनके विश्वास और अल्लाह के प्रति अटूट भक्ति की परीक्षा थी। इसलिए, ईद-उल-अजहा का त्योहार दुनिया भर के मुसलमानों द्वारा अल्लाह के लिए पैगंबर इब्राहिम की कुबार्नी की याद में कुबार्नी देकर मनाया जाता है।

**अल्लाह को राजी करना है मकसद**

कुबार्नी एक जरिया है, जिससे बंदा अल्लाह की रजा को हासिल करता है। बेशक अल्लाह को कुबार्नी का मांस (गोश्त) नहीं पहुंचता है, बल्कि वह तो केवल कुबार्नी के पीछे बंदों की नीयत देखता है। अल्लाह को पसंद है कि बंदा उसकी राह में अपना हलाल से कमाया हुआ धन खर्च करे। कुबार्नी की सिलसिला तीनों दिनों तक चलता है। लेकिन अगर कुबार्नी करने में दिखावा या तकब्बुर आ गया तो उसका सवाब जाता रहेगा। कुबार्नी इज्जत के लिए नहीं की जाए, बल्कि इसे अल्लाह की इबादत समझकर किया जाए।

## रांची में मूसलाधार बारिश ने पेयजल संकट को दूर किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में बीते चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने पेयजल संकट को एक तरह से दूर कर दिया है। इस बारिश की वजह से पानी का लेयर बढ़ गया है। कल तक भीषण गर्मी के बीच इलाके के सारे चापाकल सूखे हुए थे। बीते चार माह से अधिक समय से चापाकल मृतप्राय थे। पानी के लिए लोगों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ रही थी। आज करीब-करीब जगहों पर लेयर आ गया है। इस साल भीषण गर्मी पड़ी थी। जून के महीने में हालात सबसे बदतर हो गए थे। शहर से लेकर गांव-कस्बों में पानी को हाहाकार मंचा हुआ था। मोरहाबादी टैगोर हिल निवासी प्रमोद सिंह का कहना है कि उनके घर में 550 फीट की बोरिंग है फिर भी गर्मी के दिनों में जलस्तर इतना नीचे चला गया था कि हम पानी के एक हर बूंद के लिए तरस रहें थे। बीते दिनों से हो रही बारिश के चलते चापाकल का जलस्तर में काफी सुधार हुआ है औसतन 20 से 30 फीट तक पानी का लेयर आ गया है।

**रिमझिम बरसात भू-जल स्तर को सुधारने में ज्यादा कारगर**

पर्यावरणविद प्रसन्नजीत का कहना है कि मई और जून की भीषण गर्मी के बाद रांची और झारखंड में बारिश प्रांरभ हुआ है। सतहिय और भू-गर्भ जलस्तर गर्मी के कारण निचे चला गया था। बारिश के बाद सतहिय क्षेत्र जैसे नदी, तालाब, झील आदि के जलस्तर उपर आया है। इस वर्षा का जल संरक्षण बहुत जरूरी है। रिमझिम बरसात सीधे जमीन के नीचले सतह तक पहुंचकर पानी का लेयर सुधारता है।

## इक्फाई विश्वविद्यालय दाखिले के लिए आयोजित करेगा प्रवेश परीक्षा

**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड ने शैक्षणिक वर्ष 2023 के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए प्रवेश परीक्षा तिथियों की घोषणा की है। प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन मोड में आयोजित की जाएगी, जहां इच्छुक उम्मीदवार अपने घर से ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं। प्रेस को जानकारी देते हुए इक्फाई के वीसी प्रो (डॉ.) रमन कुमार झा ने कहा कि झारखंड के छात्रों को उत्कृष्ट स्तर की शिक्षा प्रदान करने के लिए इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड सत्र 2024-25 में कई नए पाठ्यक्रम शुरू करेगा। इक्फाई विश्वविद्यालय पूरी तरह से उभरती इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, भाषाविज्ञान, नेतृत्व और एफडीपी/एमडीपी कार्यक्रमों के क्षेत्र में केंद्रित है। फिलहाल नए सत्र से हम अपने स्कूलों के माध्यम से फैकल्टी सर्टिफिकेट प्रोग्राम देंगे और उन्हें यहां प्रदर्शित भी करेंगे। यह सत्र बच्चों के करियर ओरिएंटेशन की ताकत बढ़ाने और कौशल सिखाने पर भी केंद्रित है। शिक्षा के इन सभी विषयों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा जोर इनोवेशन और स्टार्टअप पर रहेगा, इसलिए हमने विन (वर्ल्ड इनोवेशन नेटवर्क) के साथ समझौता किया है। इसके लिए हमने इनक्यूबेटर और इनोवेशन लैब्स भी बनाई हैं। इसके जरिए हम छात्रों को प्रशिक्षित करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में फैकल्टी को भी शामिल किया जाएगा, ताकि विश्वविद्यालय के छात्र तीन से चार साल में पास होने के बाद अपना स्टार्टअप शुरू कर सकें। यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम छात्रों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क होगा। इस विन सॉफ्टवेयर के माध्यम से कई उद्योग विशेषज्ञ और उद्योग जुड़े हुए हैं, ताकि छात्रों का बेहतर प्लेसमेंट हो सके।

उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय ने झारखंड के छात्रों के साथ-साथ अन्य राज्यों के बच्चों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की है ताकि उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान की जा सके। प्रवेश परीक्षा के तौर-तरीकों के बारे में बताते हुए रजिस्ट्रार प्रोफेसर अरविंद कुमार ने कहा कि इक्फाई यूनिवर्सिटी झारखंड एंट्रेंस टेस्ट-2023) सभी पंजीकृत छात्रों के लिए दो बार आयोजित किया जाएगा। बैच 1 के लिए टेस्ट की तारीख 8 और 9 जुलाई, 2022 है और बैच 2 के लिए 22 और 23 जुलाई है। इच्छुक उम्मीदवार पंजीकरण फॉर्म भरकर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं, जिसका लिंक दिया हुआ है। अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जा सकते हैं। प्रवेश परीक्षा परिणाम और प्रवेश के आगे के चरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## राज्यपाल के 24 जिलों का भ्रमण पूरा, सिमडेगा में किया लोगों के साथ संवाद, कहा

# अरानी पंचायत के विकास के लिए सभी आवश्यक कार्य किये जायेंगे : सीपी राधाकृष्णन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को सिमडेगा जिले के अरानी पंचायत सचिवालय में लोगों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि अरानी पंचायत के विकास के लिए आवश्यक कार्य किये जायेंगे। वे और जिला प्रशासन ग्रामीणों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि आज उनका यह 24वां जिला का भ्रमण है। उनका प्रयास है कि राजभवन को लोगों तक ले जाया जाये। कोई भी अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास आ सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यहां पलायन की समस्या है। खेती के बाद यहां के किसान किसी कारखाने में काम के लिए अन्यत्र चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ खेती तक लोगों को सीमित नहीं रहना चाहिए। यहां उद्योगों की स्थापना भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ज्ञात हुआ कि यहां एक भी तकनीकी कॉलेज नहीं है। मेरा प्रयास रहेगा कि अगले वर्ष एक कॉलेज खोल जाये।

राज्यपाल ने कहा कि इस जिले में जल जीवन मिशन का क्रियान्वयन बेहतर रूप से हो रहा है, लगभग 40% कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी दो वर्ष 95-97% तक जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री आप लोग की भांति अत्यन्त साधारण परिवार से आते हैं, जो सबके दुःख-दर्द को समझते हैं। इसलिए उनके द्वारा उज्ज्वला योजना लाया गया है। गैस के बिना सामान्य दिनों में भी माताओं-बहनों को खाना पकाने में कठिनाई होती है लेकिन बारिश के दिनों में लकड़ी पर खाना पकाना सामान्य दिनों की तुलना में और कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि किसी के पास कुकिंग गैस कनेक्शन नहीं है तो मुखिया व जिला परिषद सदस्य जिला प्रशासन को सूचित करें ताकि इस योजना से वंचित लोगों को इन योजनाओं का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि जिला परिषद के सदस्य व मुखिया वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन अन्य योजनाओं के लाभुकों की सूची जिला प्रशासन को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि ज्ञात हुआ कि यहां 2 राइस मिल खुलने वाले हैं, जो आवश्यक हैं। धान के अनुपात में राइस मिल हो। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विद्यालय के वैज्ञानिकों को 3-4 दिन तक यहां रह कर यहां कृषि के क्षेत्र में विभिन्न संभावनाओं को तलाशने के लिए कहा जायेगा। साथ ही मिप्ती एवं जलवायु के अनुकूल धान के बीज का वितरण हो। यहां देखा जायेगा कि छोटे से छोटे किसान को भी इसका लाभ कैसे पहुंचे। मैं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से बात कर यहां की जलवायु के अनुकूल विभिन्न किस्मों के आम के किस्मों को विकसित कर पौधों को वितरण किया जायेगा।

राज्यपाल ने जिला परिषद के सदस्य द्वारा छोटे-छोटे नाले की वजह से बच्चों को विद्यालय जाने में हो रही समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराने पर कहा कि इस समस्या का निदान कर लिया जायेगा। वे जिला प्रशासन को उक्त जगहों की सूची दे दें। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी स्वंय सहायता समूह के लोग महाजन से लोन नहीं लेंगे। लोन की जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीकृत बैंक से से ही लोन लें तथा समय पर लोन अदा करें, ताकि भविष्य में और राशि मिल सकें। उन्होंने कहा कि आप अपनी राशि को बैंक में रखा करें। आवश्यकतानुसार निकालें और कार्य करें।

